मुझे आपसे साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि इस वित्तीय वर्ष में हमने 74 नए डॉक्टर्स की भर्ती की है। हमारे कर्मियों को अच्छी चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से नागपुर तथा पाथाखेड़ा क्षेत्रों में आँखों की सर्जरी के लिए ऑपरेशन थिएटर संचालित किए जा रहे हैं। यहाँ आँखों के सफल ऑपरेशन हो रहे हैं। सुदूर क्षेत्र में स्थित वणी नॉर्थ के भालर डिजिटल डिस्पेंसरी पूर्णतः कार्यरत है, जिसके माध्यम से स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम से रियल टाइम परामर्श एवं उचित उपचार संभव हो पा रहा है।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत वेकोलि कई पहल कर रही है। मई 2023 में हमने WCL Super 30 - Project TARASH प्रारंभ किया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को IIT-JEE तथा NEET परीक्षाओं के लिए 2 वर्षों तक प्रशिक्षित किया जाना है। Project TARASH की प्रथम बैच प्रारंभ हो गई है। इसके अंतर्गत 30 विद्यार्थी AKASH-BYJU'S से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

हाल ही में हमने प्रोजेक्ट SUSHRUTA (Survey, Understand& Solve Healthcare issues in Rural, Underprivileged and Tribal Areas) की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत वेकोलि, लोक कल्याण डायग्नोस्टिक के सहयोग से, महाराष्ट्र के नागपुर, चंद्रपुर एवं यवतमाल जिलों तथा मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और बैतूल जिलों में रहने वाले 15-35 वर्ष आयु के 25000 व्यक्तियों की जेनेटिक विकारों जैसे सिकल सेल और थैलेसीमिया के लिए स्क्रीनिंग कर उन्हें समुचित परामर्श उपलब्ध कराएगा।

वेकोलि परियोजना प्रभावित व्यक्तियों तथा आस-पास के बेरोज़गार युवाओं के लिए समुचित प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास का प्रयास कर रहा है। इस दिशा में नागपुर, इंदोरा स्थित कौशल विकास केंद्र अपनी अहम भूमिका निभाता है। इसके साथ ही वेकोलि ने चंद्रपुर के स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (SEDI), छिंदवाड़ा के ATDC, CII Foundation, FDDI, ALIDTR तथा CIPET के साथ समझौता ज्ञापन किया है। इन एमओयू के अंतर्गत परियोजना प्रभावित व्यक्तियों तथा बेरोज़गार युवाओं को प्रशिक्षित किया जाता है। गत वित्तीय वर्ष में 1056 युवाओं को यहाँ प्रशिक्षित किया गया। इस प्रयास को वर्तमान वित्तीय वर्ष में आगे बढ़ाते हुए 938 युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना है।

आज का यह अवसर है जब हम अपने स्वतंत्रता संग्राम और उसके मूल्यों को याद करें, स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करें और संकल्प करें कि हम हमारे देश की सेवा में निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे। देश को रोशन करने का दायित्व है हम पर। हमारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लक्ष्य स्पष्ट है - 68 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 68 मिलियन टन कोयला प्रेषण और 350 मिलियन क्यूबिक मीटर OB रिमूवल। हमें अवश्य ही इस लक्ष्य को प्राप्त करना है। लक्ष्य थोड़ा बड़ा लग सकता है पर - जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का, तब देखना फिज़ूल है कद आसमान का। मुझे विश्वास है कि हम इसे निश्चित ही हासिल करेंगे।

मैं सभी खनिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संघ के पदाधिकारी गण, कंपनी के निदेशक गण और अन्य अंशधारक जो वेकोलि को सफलता के शिखर पर ले जाने में अपना योगदान दे रहे हैं, सभी को धन्यवाद देता हूँ। एक बार फिर सभी को सपरिवार स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिन्द !

(मनोज कुमार)

# स्वतंत्रता दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री मनोज कुमार

## का

# संदेश

## 15 अगस्त, 2023

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशक गण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सभी सदस्य, समस्त विभागाध्यक्ष एवं Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं, सज्जन वृंद तथा प्यारे बच्चों!

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

दशकों तक चली आज़ादी की लड़ाई के बाद 15 अगस्त, 1947 को हमारा देश आज़ाद हुआ। विदेशी शासन की जंजीरें खुल गई और आज़ादी के साथ आई एक बड़ी जिम्मेदारी। जिम्मेदारी थी अर्थव्यवस्था को सँभालने की, जिम्मेदारी थी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे बुनियादी आवश्यकताएं पूर्ण करने की और जिम्मेदारी थी वहाँ से इस देश को विकास की राह पर अग्रसर करने की। आज हमारा भारत न केवल एक सशक्त अर्थव्यवस्था है बल्कि 5 ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी बनने की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

इन 76 वर्षों में हमारे देश ने कई मुकाम हासिल किए। चाहे वह हरित क्रांति हो, श्वेत क्रांति हो या दुनिया भर में देश का इनफॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र में बढ़ता रुतबा - सब हमारे यश को उजागर करते हैं। कृषि, विज्ञान, स्वास्थ्य, तकनीकी जैसे सभी क्षेत्रों में हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस विकास यात्रा में हम भी भली-भांति सहभागी हैं। गर्व की बात है कि हम इस विकास यात्रा के ईंधन को मुहैया कराते हैं।

मित्रों, देश जिस गति से प्रगति का रास्ता तय कर रहा है, ऊर्जा की आवश्यकता उसी रफ्तार से बढ़ रही है, परिणामस्वरूप कोयले की मांग भी तेज गति से बढ़ रही है। हम संकल्पित हैं देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए और इस दिशा में हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। परिणाम सुखद हैं। हमने इस वित्तीय वर्ष में 10.08.2023 तक 19.71 MT कोयला उत्पादन किया है, जो गत वर्ष की तुलना में 19.09% अधिक है। इसी प्रकार हमने OBR में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। हमने इस वित्तीय वर्ष में 10.08.2023 तक 131.23 मिलियन क्यूबिक मीटर्स OB निष्कासन किया है। यह गत वर्ष से 54.19% अधिक है। हम डिस्पैच में भी आगे चल रहे हैं। इसी अवधि में हमने 13.89% की वृद्धि दर्ज करते हुए 24.51 MT कोयला डिस्पैच किया है। हम इसी गति से चलते रहे तो निश्चित ही अपने वार्षिक लक्ष्य को पार कर लेंगे। यहाँ से हमारा संकल्प और दृढ़ होना चाहिए, हमारा परिश्रम अविराम होना चाहिए।

**कदम जिनके चलते निरंतर, श्रम जिनका अविराम है**
**विजय निश्चित है उनकी, घोषित यह परिणाम है**

मुझे विश्वास है कि हम हर बार की तरह इस बार भी समय से पूर्व अपने लक्ष को हासिल करेंगें। पिछले साल हमने स्थापना से अब तक का सर्वाधिक कोयला उत्पादन किया था, इस वर्ष इस आँकड़े को पार करते हुए हमें नया कीर्तिमान स्थापित करना है।

देश की कोयला जरूरतों को पूर्ण करने में हमें तेज़ी से कार्य करना है, परंतु इस बात का ध्यान रहे कि सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो। वेकोलि में हम सेफ्टी ऑडिट, समुचित प्रशिक्षण, इमरजेंसी मॉक ड्रिल आदि से खनन कार्य में सुरक्षा को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति, CIL Safety Board आदि के माध्यम से सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होती है और उन पर तत्काल कार्यवाही भी। इस दिशा में कई पहल किए जा रहे हैं और इसमें आपकी भागीदारी आवश्यक है। सब की सामूहिक भागीदारी से ही शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हम प्राप्त कर सकेंगे।

नई तकनीकी को अपनाने के हम पक्षधर हैं। अब तक वेकोलि की 4 खुली खदानों में सरफेस माईनर के द्वारा कार्य हो रहा है। इसी प्रकार भूमिगत खदानों में भी नई तकनीकी को बढ़ावा देते हुए 2 खदानों में कंटीन्यूअस माईनर कार्यरत है। इन में तवा -II एवं छतरपुर-I भूमिगत खदान का समावेश है। आगे वेकोलि की विभिन्न भूमिगत खदानों में 20 कंटीन्यूअस माईनर लगाने की योजना है। इस तकनीकी से सुरक्षा भी बढ़ेगी और कोयला उत्पादन भी।

पर्यावरण संरक्षण वेकोलि के लिए महत्वपूर्ण विषय है। हमारा हमेशा ही प्रयास रहा है कि स्थाई विकास की अवधारणा हमारे कार्यों में परिलक्षित हो। वित्तीय वर्ष 2023-24 में हमने अब तक लगभग 65 हेक्टेयर भूमि पर 1,65,640 पौधों का रोपण किया है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाते हुए चंद्रपुर क्षेत्र में नीम वाटिका इको पार्क का निर्माण पूर्ण किया गया है। इन प्रयासों को कोयला मंत्रालय ने भी सराहा है। बताते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2022-23 में वेकोलि को सस्टेनेबिलिटी की श्रेणी में माननीय कोयला मंत्री अवार्ड - प्रथम पुरस्कार से नवाज़ा गया।

कोयला खनन के लिए भूमि अत्यंत आवश्यक है। वेकोलि में खनन कार्य के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाता है। हर्ष की बात है कि गत वर्ष हमने 1766.46 हेक्टेयर भूमि को नोटिफाई कराया है। वर्ष 2022-23 में हमने कुल 508.73 हेक्टेयर भूमि का भौतिक आधिपत्य किया है। इस दौरान, भूमि के एवज में, हमने कुल 913 युवाओं को रोजगार दिया। इसी प्रकार वर्ष 2023-24 में जुलाई माह तक हमने 301.51 हेक्टेयर भूमि का भौतिक आधिपत्य किया और इस एवज में कुल 230 रोजगार दिए गए है।

इस वित्तीय वर्ष में, विभागीय चयन के माध्यम से 238 कर्मियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया है, जिनमें क्लर्क ग्रेड-III के पद पर 198 एवं स्टोर इश्यू क्लर्क ग्रेड-III के पद पर 40 कर्मियों का समावेश है। इस वर्ष हमने 135 युवाओं को सीधी भर्ती के माध्यम से वेकोलि के साथ जोड़ा है। यह भर्ती माइनिंग सरदार तथा सर्वेयर माइनिंग के पद के लिए की गई।

MISSION 'SEHAT' के तहत वेकोलि मुख्यालय एवं क्षेत्रों में शुरू किए गए कॉल सेंटर कर्मियों के लिए एक नई किरण की तरह काम कर रहे हैं। कर्मी एक मात्र कॉल से अपनी बात हम तक पहुँचाने में सक्षम हैं और उसका यथाशीघ्र निदान किया जाता है। अब तक इन कॉल सेंटर के जरिये प्राप्त कुल 9137 में से 8113 का निदान किया जा चूका है, इस प्रकार हमने 89% समस्याओं का समाधान किया है।